अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)
ATAL BIHARI VAJPAYEE VISHWAVIDYALAYA, BILASPUR (CHHATTISGARH)
www.bilaspuruniversity.ac.in

क्रमांक / **3791** / परीक्षा–गोपनीय / 2020 बिलासपुर दिनांक **12 / 12 / 2020**

–::अधिसूचना::–

सत्र 2020–21 में अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर की स्नातक प्रथम वर्ष **B.Com Part One(007), B.Sc. Home Sc. Part-I (010), B.A.-I (Pvt.-019) B.Sc. Part-I (Maths Group-049/Bio Group-050)** की परीक्षाओं में प्रथम बार सम्मिलित होने वाले स्वाध्यायी (अमहाविद्यालयीन) परीक्षार्थियों का आनलाईन **नामांकन–सह–परीक्षा** आवेदन (Enrollment & Exam Form) निम्नानुसार तिथियों तक भरवाया जाना सुनिश्चित किया जाये:–

क्र.	विवरण	तिथि
01	आनलाईन **नामांकन–सह–परीक्षा** आवेदन प्रारंभ होने की तिथि	**14 / 12 / 2020 से**
02	आनलाईन **नामांकन–सह–परीक्षा** आवेदन बिना विलंब शुल्क रू. **300+1500=1800/-** के साथ अंतिम तिथि	**14 / 12 / 2020 से 31 / 12 / 2020 तक**
03	छात्र–छात्राओं द्वारा आनलाईन **नामांकन–सह–परीक्षा** आवेदनों की हार्डकॉपी, आनलाईन शुल्क की भुगतान की रसीद एवं समस्त अनिवार्य / आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संबंधित महाविद्यालय में जमा करने की तिथि	**14 / 12 / 2020 से 31 / 12 / 2020 तक**
04	महाविद्यालयों हेतु निर्देश छात्र–छात्राओं द्वारा आनलाईन **नामांकन–सह–परीक्षा** आवेदनों की सूची (Enrollment return/roll list 2020-21) पोर्टल से डाउनलोड कर सूची के क्रम में नामांकन / परीक्षा आवेदनों की आनलाईन शुल्क की भुगतान की रसीद एवं समस्त अनिवार्य / आवश्यक दस्तावेजों की छायाप्रति विधिवत अग्रेषित करते हुये विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग में जमा करने की तिथि	**04 / 01 / 2021 से 07 / 01 / 2021 तक**
05	परीक्षा प्रारंभ होने की संभावित तिथि (विस्तृत विवरण पृथक से जारी किया जायेगा)	**10 / 04 / 2021**

टीपः– (i) स्वाध्यायी छात्र–छात्राओं को नामांकन पोर्टल (प्राप्त यूजर आईडी / पासवर्ड) से ही नामांकन के साथ परीक्षा आवेदन फार्म भी भरना है।

(ii) आनलाईन पोर्टल में रजिस्टर्ड / पंजीयन कर पूर्ण रूप से आवेदन भरने के बाद (केवल विषय एवं शुल्क को छोड़कर) छात्र–छात्राओं को नामांकन एवं परीक्षा फार्म को महाविद्यालय से सत्यापित (Verified) कराना होगा। उसके बाद ही विषय का चयन तथा नामांकन एवं परीक्षा शुल्क का भुगतान किया जा सकेगा।

(iii) दिव्यांग छात्रों को परीक्षा शुल्क में छूट की पात्रता होगी किंतु नामांकन शुल्क का भुगतान करना अनिवार्य होगा, इस हेतु पोर्टल में दिये गये दिव्यांग (Handicapped) आप्शन पर हां(Yes) क्लिक कर दिव्यांग संबंधित दस्तावेज अपलोड करें तत्पश्चात् विश्वविद्यालय से दिव्यांगता की आनलाईन पुष्टि / सत्यापन पश्चात् शुल्क शुन्य (0) दर्शित होगा, जिसकी सूचना रजिस्टर्ड मोबाईल में प्राप्त होगी। नामांकन शुल्क (Other fees) के माध्यम से भुगतान कर आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण किया जा सकेगा।

01. नामांकन आवेदनों के अग्रेषण हेतु नामांकन शुल्क के अतिरिक्त अग्रेषण शुल्क पृथक से महाविद्यालय द्वारा नहीं लिया जायेगा।

02. नामांकन आवेदन के अग्रेषण से पूर्व संस्था प्रमुख/प्राचार्य/प्रभारी अधिकारी यह सुनिश्चित कर लेवें कि संबंधित छात्र–छात्रा संबंधित कक्षा/परीक्षा में सम्मिलित होने की समस्त न्यूनतम अर्हताओं को पूर्ण करते हैं।

03. नामांकन आवेदन में किसी भी तरह की त्रुटि होने पर संपूर्ण जवाबदारी संबंधित छात्र–छात्रा एवं अग्रेषणकर्ता अधिकारी की होगी। उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि के पश्चात् नामांकन/परीक्षा आवेदन पत्र विश्वविद्यालय में जमा किये जाने पर प्रति दिवस रूपये 1000/– की दर से विलंब शुल्क महाविद्यालय द्वारा देय होगा।

04. किसी भी प्रकार की समस्या/कठिनाई होने पर प्रथमतः अपने महाविद्यालय के प्राचार्य/शिक्षकों से संपर्क करें। महाविद्यालय स्तर पर समस्या/कठिनाई का निराकरण नहीं होने पर विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग में संपर्क करें।

नोटः महाविद्यालय के प्राचार्यों को इस आशय के साथ सूचनार्थ कि महाविद्यालय के विभिन्न संकायों/विषयों में विश्वविद्यालय द्वारा जितने छात्रों के लिये संबद्धता प्रदान की गई है उतनी ही संख्या स्वाध्यायी छात्रों के लिये इनटेक के रूप में दर्ज की जाये। भूतपूर्व/पूरक प्राप्त छात्र सीधे परीक्षा आवेदन कर सकते हैं इनके लिये पृथक से इनटेक कैपेसिटी नहीं डाला जाना है।

आदेशानुसार
12.12.20
परीक्षा नियंत्रक
अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय
बिलासपुर।

पृ. क्रमांक/**3792**/परीक्षा–गोपनीय/2020 बिलासपुर दिनांक **12/12/2020**

01. माननीय कुलपति महोदय, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
02. कुलसचिव महोदय, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
03. माननीय कुलपति महोदय/कुलसचिव, शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ।
04. वित्ताधिकारी/सहायक कुलसचिव (वित्त/अकादमी/भंडार) अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
05. प्राचार्य समस्त, संबद्ध महाविद्यालय, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ प्रेषित कृपया महाविद्यालय के सूचना पटल पर छात्र/छात्राओं के अवलोकन हेतु चस्पा करावें एवं छात्र–छात्राओं को उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि तक आनलाईन नामांकन–परीक्षा फार्म भरने हेतु सूचित करें।
06. अनुभाग अधिकारी/कक्ष प्रभारी (परीक्षा/अकादमी/भंडार) अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
07. संपादक/संवाददाता, दैनिक .... समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की छात्रहित में इसे विज्ञप्ति के रूप में अपने समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

12/12/2020
अधीक्षक (परीक्षा)